तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 24 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार 22 अप्रैल 2026

निपुण मिशन के लक्ष्य समय पर व प्रभावी ढंग से पूरे... 10



पेयजल आपूर्ति के संचालन एवं रखरखाव में बढ़ेगी... 10



# टीबी का पता लगाने के लिए कुपोषित और एनीमिक मरीजों की होगी जांच

## टीबी मरीजों के परिजनों की भी विभाग करेगा जांच, पोर्टेबल मशीन से किए जाएंगे एक्सरे, जल्द मिलेगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वर्ष 2025 में टीबी की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अपनी जांच के दायरे को बढाया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी की बीमारी का पता लगाने के लिए कुपोषित, एनीमिक, डायबिटिक, टीबी से संक्रमित मरीजों के परिजनों की भी जांच की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा गांव दर गांव व शहर में न केवल मरीजों व संक्रमितों के परिजनों के सैंपल लिए जा रहे हैं बल्कि उनके पोर्टेबल मशीन से एक्सरे भी किए जा रहे हैं। जिनका अस्पताल में प्रतिदिन निरीक्षण किया जा रहा है। बाकायदा चिकित्सा अधिकारियों ने आशा वर्करों को स्पेशल प्रशिक्षण भी दिया है। जिला में इस समय लगभग तीन हजार मरीज क्षय रोग (टीबी) से पीड़ित स्वास्थ्य विभाग के पास रजिस्ट्रड हैं। स्वास्थ्य विभाग ने माइक्रो प्लान तैयार कर कुपोषित व एनीमिक मरीजों की विशेष जांच करने का निर्णय लिया है। वहीं सात साल से अधिक उम्र के डायबिटिक हैं। इसके अलावा 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को भी शामिल किया गया है।



स्वास्थ्य विभाग न केवल विशेष जांच करेगा बल्कि इनकी प्रोग्रेस रिपोर्ट भी तैयार करेगा। टीबी से बचाव के लिए केंद्र सरकार की ओर से भी प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इस योजना के तहत जन प्रतिनिधि व समाजसेवी संस्थाओं के लोग मरीजों को गोद ले रहे हैं। मरीजों को गोद लेने के बाद उन्हें जरूरत का सामान पहुंचने सहित अन्य सहायता दी जा रही है। सभी सरकारी अस्पतालों में टीबी का इलाज निशुल्क है। समय-समय पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में टीबी के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

### ये है क्षय रोग

क्षय रोग (टीबी) एक ऐसी बीमारी है जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करती है। टीबी के जीवाणु हवा के जरिये एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलते हैं। टीबी के मुख्य लक्षणों में दो सप्ताह से ज्यादा खांसी रहना, रात को सोते समय पसीना आना, ठंड में भी पसीना आना, बुखार आना, थकावट होना, वजन कम होना व सांस लेने में दिक्कत होना मुख्य रूप से शामिल हैं। टीबी के इलाज के लिए छह महीने लग जाते हैं। अगर मरीज दवा बीच में छोड़ देता है तो दोबारा से इलाज शुरू किया जाता है।

### प्रतिदिन टीमें दे रही दस्तक

स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी के मरीजों का पता लगाने के लिए विशेष टीमें तैयार की गई हैं। जगह-जगह जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। आशा वर्करों के माध्यम से लोगों को शिविर में जांच के लिए लाया जा रहा है। पहले चरण में उन लोगों की जांच की जा रही है जिनके परिवार में पहले से कोई टीबी का मरीज रहा हो। वहीं डायबिटिक मरीजों की पहचान कर उनकी स्क्रीनिंग की जाएगी।

### डायबिटिक मरीज की भी विशेष स्क्रीनिंग

नोडल अधिकारी डा. राघव ने बताया कि टीबी से ग्रसित मरीज को चाहिए कि अपने खानपान का विशेष ध्यान रखें, संतुलित आहार का सेवन करें, नियमित रूप से दवाई लें, बलगम को मिट्टी में दबा दें, जब खांसना हो तो मुंह पर कपड़ा अवश्य लगाएं ताकि टीबी के मरीजों को बढने से रोका जा सकें। विभाग द्वारा कुपोषित, एनीमिक व डायबिटिक मरीज की भी स्क्रीनिंग की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### थेह मुकेरिया में प्रशासन का रात्रि कार्यक्रम कल

**कैथल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से रात्रि प्रवास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 23 अप्रैल को गुहला ब्लॉक के गांव थेह मुकेरिया में रात्रि प्रवास कार्यक्रम होगा। शिविर की अध्यक्षता डीसी अपराजिता करेंगी। एडीसी सुशील कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम गांव की राजकीय प्राथमिक पाठशाला में आयोजित होगा।

### जानलेवा हमला करने के तीन आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** जिला में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस चौकी पटियाला चौक सीएससी में घुस कर जानलेवा हमला करने के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस तीनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है। शहर थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि श्याम नगर निवासी संजय ने गत 17 अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसने जाट स्कूल की दुकानों में सीएससी चलाई हुई है। 17 अप्रैल को शाम वह अपनी दुकान पर काम कर रहा था।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार छोटे भाई की मौत

**जींद।** गांव ईक्कस के निकट तेजरफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसका भाई घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर फरार ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव राजपुरा भैण निवासी सागर (20) तथा उसका भाई साहिल बाइक पर सवार हो कर गांव से शहर में मजदूरी करने आ रहे थे। गांव ईक्कस के निकट सामने से आ रहे तेजरफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

### गांव पड़ाना में 11 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जली

**जींद।** गांव पड़ाना में मंगलवार दोपहर बाद खेतों में आग लगने से 11 एकड़ में खड़े गेहूं की फसल व 30 एकड़ में गेहूं के फाने भी जल गए। जुलाना से पहुंची फायर ब्रिगेड की गाडियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव पड़ाना निवासी महाबीर ने बताया कि उसकी गेहूं की कटाई नहीं हुई। मंगलवार दोपहर बाद किसी ने उसे सूचना दी कि उसके खेत में आग लग गई है। जब वह खेतों में गया तो आग पूरी तरह से भड़क चुकी थी। उसने सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। जुलाना से आई फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

### चोरी की बाइक समेत आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** उचाना थाना पुलिस ने चोरी की बाइक समेत काब्रछा निवासी सुमित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया। उचाना थाना प्रभारी उपनिरीक्षक दिलबाग सिंह ने बताया कि सुदकैन खुर्द निवासी मुकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह किसी काम से काब्रछा गया था। उसने अपनी बाइक काब्रछा गांव में किसी दोस्त के घर खड़ी की थी। कुछ समय बाद जब वह वापस आया तो उसकी बाइक गायब मिली।

### गोली मारकर हत्या के मामले में आरोपी दबोचा

**कैथल।** गांव शिव माजरा में रास्ते को लेकर हुए विवाद में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने के मामले में थाना गुहला पुलिस एसएचओ पीएसआई शनेष कुमार की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी गांव शिव माजरा निवासी प्रताप गिल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव शिव माजरा निवासी सतनाम की शिकायत अनुसार उन्होंने गांव के ही गुरदास उर्फ दासू के खेत से तुड़ी बनाने के लिए खेत लिया हुआ था।

## जींद शहर के 135 भूखंड मालिकों के खिलाफ की कार्रवाई

# स्टिल्ट फ्लोर पर किए अवैध कब्जों पर चला पीजा पंजा

### स्टिल्ट फ्लोर का उपयोग केवल स्वीकृत नक्शे के अनुसार ही किया जाए

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने बताया कि माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना में मंगलवार को लाइसेंस प्राप्त कालोनियों में अभियान चला कर आवासीय भूखंडों के साथ लगते सड़क किनारे अवैध रूप से किए कब्जे अथवा निर्माण को विध्वंस कर करीब 135 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा लागू किए गए स्टिल्ट प्लस फोर मंजिला नीति के तहत जिला में कार्रवाई जारी है तथा दूसरे चरण में यह कार्रवाई उपमंडल में की जाएगी। उन्होंने बताया कि इन आदेशों की पालना में हरियाणा के नगर एवं ग्रामीण योजना विभाग द्वारा जिला की अनुमोदित कालोनियों की सड़कों के साथ लगते क्षेत्रों में किए गए सभी प्रकार के लॉन, लैंड स्केपिंग और बाउंड्री वॉल के अवैध कब्जों को तुरंत हटाने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही स्टिल्ट फ्लोर पर किए गए किसी भी प्रकार के अवैध उपयोग, कब्जा या निर्माण के खिलाफ भी तुरंत कार्रवाई करने को कहा गया है। जिला नगर योजनाकार ने सभी कॉलोनाइजर, डेवलपर, भूखंड व भवन मालिकों और अन्य संबंधित लोगों से अपील की है कि वे लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों की सड़कों पर किए गए अतिक्रमण तुरंत हटा दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्टिल्ट फ्लोर का उपयोग केवल स्वीकृत नक्शे के अनुसार ही किया जाए। किसी भी तरह का गलत उपयोग या अवैध निर्माण तुरंत बंद कर उसे सही स्थिति में लाया जाए। डीटीपी मनीष दहिया ने चेतावनी दी कि यदि इन निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो विभाग द्वारा कानून के अनुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे।



जींद। अवैध निर्माणों पर पीला पंजा चलाते हुए। *फोटो :हरिभूमि*



ढांड। संगरोली के तालाब से अवैध कब्जे हटवाती जिला प्रशासन की टीम।

### संगरौली में अवैध कब्जों पर कार्रवाई

**ढांड।** पूंडरी विधानसभा क्षेत्र के गांव संगरौली में मंगलवार को जिला प्रशासन ने तालाब की जमीन पर बने अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कई मकानों को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई बीडीपीओ ढांड तथा ड्यूटी मजिस्ट्रेट राज सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल की मौजूदगी में की गई। जानकारी के अनुसार, यह मामला वर्ष 2017 से न्यायालय में विचाराधीन था। गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर वर्ष 2025 में न्यायालय ने तालाब की जमीन से अवैध कब्जे हटाने के निर्देश जारी किए थे। प्रशासन द्वारा कब्जाधारियों को पूर्व में कई बार नोटिस जारी कर स्वयं कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन निर्धारित समय में कार्रवाई न होने पर प्रशासन को सख्त कदम उठाने पड़े। ड्यूटी मजिस्ट्रेट राज सिंह ने बताया कि जिन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई, उनके पास जमीन संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। उन्होंने कहा कि कानून के अनुसार ही कार्रवाई की गई है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। वहीं ग्राम पंचायत संगरौली के सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार ने स्पष्ट किया कि संबंधित भूमि पंचायत के अधिकार क्षेत्र में नहीं आती, इसलिए पंचायत की इस मामले में कोई भूमिका नहीं है।



प्रदेश के मुख्यमंत्री से मुलाकात करते भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी।

# 50 करोड़ रुपये से बनेगा मालवी रेलवे फ्लाईओवर

- रेलवे फ्लाईओवर के निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के हांसी रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग की समस्या से जल्द ही राहत मिलने जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा लगभग 49 करोड़ 74 लाख 78 हजार रुपये की लागत से मालवी रेलवे फ्लाईओवर के निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। यह फ्लाईओवर दिल्ली-बठिंडा रेलवे लाइन पर एलसी-91सी के स्थान पर जुलाना से हांसी रोड पर बनाया जाएगा। जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि गत वर्ष जुलाई में हुई जुलाना विकास रैली में मुख्यमंत्री नें इस परियोजना की घोषणा की थी। जिसके बाद विपक्षी दल के स्थानीय नेता इस घोषणा को हवाहवाई बता रहे थे। आज फंड की सहमति मिलने के बाद विपक्षियों द्वारा लगाये जा रहे निराधार आरोपों को भी जवाब मिल गया है। भाजपा प्रत्याशी रहे कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि यह फ्लाईओवर जुलाना क्षेत्र के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र के लोग रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से बहुत परेशान थे लेकिन अब इस परियोजना से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्र में यातायात सुगम होगा। कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में लगातार विकास कार्यों को गति मिल रही है और यह फ्लाईओवर भी उसी कड़ी का हिस्सा है। मुख्यमंत्री पूरे हरियाणा की तरह जुलाना के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना के पूरा होने से न केवल जुलाना बल्कि आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी बल्कि व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। जुलाना क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होगी।

## एसबीआई शाखा में मेजर बेटी के वरिष्ठ नागरिक पिता के साथ अभद्र व्यवहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

भारतीय सेना में मेजर पद तैनात बेटी के 67 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक पिता के साथ कलायत स्थित भारतीय स्टेट बैंक आफ इंडिया में महिला अधिकारी द्वारा अभ्रद व्यवहार का मामला सामने आया है। वरिष्ठ नागरिक का आरोप कि न केवल उनके साथ बुरा बर्ताव किया बल्कि गार्ड के माध्यम से जानलेवा हमले की धमकी भी दी गई। इससे वे बुरी तरह आहत व सहमे हुए हैं। इसलिए तुरंत प्रभाव से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यालय, स्टेट बैंक आफ इंडिया चेयरमैन व अन्य अधिकारियों को शीर्ष स्तर पर शिकायत दी है। इसमें शिकायतकर्ता ने खुद को विकास अधिकारी बताने वाली महिला पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि सीमांत क्षेत्र में उनकी मेजर बेटी के तौर पर सेवाएं दे रही है। जहां तक उनकी यादास्त है मेजर बेटी अपनी दादी के बैंक से संबंधित खातों में नामानी हैं। इसकी स्थिति साफ करवाने के लिए बैंक में महिला अधिकारी से धैर्य पूर्वक बात करना चाहते थे।

### मेजर के पिता से बात करूंगा

स्टेट बैंक आफ इंडिया कलायत शाखा प्रबंधक अरुण सिंघल ने बताया कि वे दिन भर कोर्ट व अन्य मामलों में व्यस्त थे। जानकारी मिलते ही इन्होंने मामले को गंभीरता से लिया है। वे खुद मेजर के पिता वरिष्ठ नागरिक से बात करेंगे।

### तकनीकी खामी से हाइड्रोजन ट्रेन का रनिंग ट्रायल टला

**जींद।** ट्रेन में तकनीकी खामी से हाइड्रोजन ट्रेन का रनिंग ट्रायल मंगलवार को नहीं हो पाया। कर्मचारी सारा दिन खामी को दूर करने के लिए लगे रहे। हालांकि दो सप्ताह बाद ट्रेन का मंगलवार को फिर से रनिंग ट्रायल होना था। सात अप्रैल के बाद से ट्रेन का रनिंग ट्रायल नहीं हुआ था। प्लांट में इलेक्ट्रोफायर के खराब होने के चलते चार टैंकर गैस बाहर से मंगवाई गई थी। जिसे ट्रेन में भरा जा रहा था। दो सप्ताह से लगातार बाहर से गैस मंगवाकर ट्रेन में भरा जा रहा था। मंगलवार को ट्रेन का ट्रायल होना था लेकिन खामी आने से ट्रेन का ट्रायल नहीं हो पाया और यार्ड में ही पूरा दिन खड़ी रही। वहीं प्लांट में इलेक्ट्रोफायर भी लंबे समय से खराब पड़ा है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही सीआरएस कमीश्नर आफ रेलवे सेफ्टी का निरीक्षण होगा।

# पेंशनर्स ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

- रिटायर्ड कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग का पूरा लाभ देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्ज फैडरेशन के आह्वान पर हरियाणा रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर मंगलवार को लघु सचिवालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान पैशनर्ज ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला प्रधान विक्रम सिंह ने किया जबकि संचालन उप प्रधान छज्जू राम नैन ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए हरियाणा किसान सभा के अध्यक्ष मास्टर बलबीर सिंह ने बताया कि कर्मचारी और रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों पर सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। जो मांगें कर्मचारियों ने रिटायर्ड कर्मचारियों ने लड़ कर प्राप्त की थी, उन्हें धीरे-धीरे वापस लिया जा रहा है। चाहे वह पुरानी पेंशन प्रणाली को बंद करना है, चाहे एलटीसी की सुविधा को समाप्त करना है। सरकार सार्वजनिक शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के सिस्टम को खत्म करने पर तुली हुई है और निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। जिला प्रधान विक्रम सिंह ने रिटायर कर्मचारियों की मुख्य मांगों की चर्चा की और बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा की बहुत जरूरत है। पर सरकार न तो बढ़ती उम्र के साथ पेंशन में वृद्धि कर रही है और न ही कैशलेस चिकित्सा सुविधा पूर्ण रूप से लागू कर रही है। रेल और हवाई यात्रा में मिलने वाली सुविधाएं भी सरकार ने वापस ले ली है। एलटीसी की सुविधा खत्म करके सरकार ने अपना सही रूप दिखा दिया है। कहा कि मौजूदा केंद्र और हरियाणा सरकार की नीतियां पूरी तरह जन विरोधी हैं और कारपोरेट परस्त हैं। समाज के सभी वर्ग सरकार की नीतियों से त्रस्त हैं। आज देश के किसान को अपनी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है।



जींद। धरने पर मौजूद पैंशनर्ज व अन्य मजदूर नेता। *फोटो :हरिभूमि*

## परिवहन विभाग ने जारी किया पत्र, प्राइवेट बसों में भी मिलेगी रोडवेज जैसी सुविधाएं

# कैथल की 114 निजी बसों में भी अब मान्य होगा स्टूडेंट बस पास, बुजुर्गों का भी लगेगा आधा किराया

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

पिछले करीब छह माह से सरकारी व प्राइवेट बसों की समस्या झेल रहे विद्यार्थियों व बुजुर्गों के लिए खुशखबरी है। परिवहन विभाग द्वारा मंगलवार को जारी आदेशों में निजी बस संचालकों को भी विद्यार्थियों के बस पास को मान्यता देने तथा बुजुर्गों का आधा किराया वसूलने के आदेश जारी किगए गए हैं। यह भी स्पष्ट किया है कि यदि कोई भी बस चालक अनदेखी करेगा तो उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। गौरतलब है कि जिले में आरटीए कार्यालय की ओर से करीब 114 निजी बसों को परमिट जारी किए गए हैं, जबकि रोडवेज और लीज बसों को मिलाकर लगभग 197 बसें विभिन्न रूटों पर संचालित हो रही हैं। कई रूटों पर सरकारी और निजी बसें बारी-बारी से चलती हैं, लेकिन समस्या विशेष रूप से निजी बसों में ही अधिक देखने को मिल रही थी। काफी समय तक यह सुविधा निजी बसों में भी लागू थी, लेकिन उसके बाद निजी बस संचालकों ने अपने मनमानी के कारण इस सुविधा को बंद कर दिया था। गौरतलब है कि अब तक प्राइवेट बस संचालक जहां विद्यार्थियों को बस पास को मान्य नहीं कर रहे थे तो वहीं बुजुर्गों से भी पूरा किराया वसूल रहे थे। इसे लेकर कई बार विद्यार्थियों के साथ कहासुनी के मामले भी सामने आ रहे थे लेकिन लिखित आदेश न होने के कारण विद्यार्थियों की कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। बता दें कि यह मामला कष्ट निवारण समिति की बैठक में परिहवन मंत्री अनिल विज के समक्ष उठाया गया था। इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से निजी बस संचालकों के हौसले बढ़ गए थे। इन रूटों पर अधिक परेशानी कैथल से चीका, असंध, निसिंग, टोहाना, नगूरां, पूंडरी, कुरुक्षेत्र और राजौंद-पिहोवा जैसे रूटों पर रोजाना बड़ी संख्या में निजी बसें चलती हैं।

### आदेश न मानने पर होगा निजी बसों का चालान

### विद्यार्थियों के बस पास को मान्यता देना अनिवार्य

कैथल के आरटीए गिरीश कुमार ने बताया कि जारी किए गए नए आदेशानुसार प्राइवेट बस संचालकों को बुजुर्गों से आधा किराया लेना और विद्यार्थियों के बस पास को मान्यता देना अनिवार्य है। नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### कृमि मुक्ति अभियान के तहत बच्चों को दवा पिलाई

**पूंडरी।** पूंडरी के सरकारी स्कूल में मंगलवार को बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कृमि मुक्ति अभियान के तहत दवा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा महिला मोर्चा की जिला सचिव निधि मोहन ने की। इस दौरान स्कूल में अध्ययनरत सभी बच्चों को पेट के कीड़ों से बचाव के लिए निर्धारित दवा खिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कृमि संक्रमण बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। इससे कुपोषण, कमजोरी और पढ़ाई में बाधा जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए नियमित रूप से हाथ धोने और साफ-सफाई बनाए रखने की सलाह दी। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राजबाला, हेल्पर सहित स्कूल स्टाफ व स्वास्थ्य विभाग की टीम का विशेष सहयोग रहा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इस तरह के अभियान बच्चों को स्वस्थ, मजबूत और जागरूक बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाते हैं।

## खबर संक्षेप

### ट्रांसफार्मर से कीमती उपकरण चोरी, केस दर्ज

**जींद।** गांव धरौदी खेतों से बीती रात चोरों ने ट्रांसफार्मर के कीमती उपकरणों को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने बिजली निगम की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया है। बिजली निगम के एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया निगम ने योजना के तहत गांव धरौदी निवासी किसान विरेंद्र के खेत में बिजली ट्रांसफार्मर रखा हुआ था। बीती रात चोरों ने ट्रांसफार्मर के उपकरण तथा ऑयल को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला तथा युवती लापता, मामले दर्ज

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से एक युवती तथा महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए है। गांव रामपुरा निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 19 अप्रैल को उसकी 17 वर्षीय बहन घर से गायब हो गई। वहीं भटनागर कालोनी निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 अप्रैल को शाम को उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। दोनों अभिभावकों ने दोनो को तलाशा भी लेकिन दोनों का कोई सुराग नही लगा।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव 27 अप्रैल को मनाया जाएगा

**उचाना।** आगामी 27 अप्रैल को उचाना ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचेंगे। मुख्य वक्ता के तौर पर शिक्षाविद रामचंद्र अत्री हिस्सा लेंगे। प्रमोद पालवांए एडवोकेट अजय अलीपुरा, देवेंद्र मंगलपुर, मनोज ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर हलके के गांव.गांव जाकर टीमें बना कर निमंत्रण दिया जाएगा। हवन, भंडारा भी आयोजित होगा। मुख्यअतिथि के अलावा मुख्य वक्ता एवं अन्य प्रमुख लोग कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। जो संदेश भगवान परशुराम ने दिया था उस संदेश के साथ उनके जीवन के बारे में विस्तार से कार्यक्रम के माध्यम से जानकारी दी जाएगी।

### उचाना अनाज मंडी में कल आएंगे रणदीप सुरजेवाला

**उचाना।** कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला 23 अप्रैल को अनाज मंडी उचाना का दौरा करेंगे। वे किसानों, आढ़तियों से रूबरू होंगे। राष्ट्रीय महासचिव किसान कांग्रेस मनोज नचार ने बताया कि प्रदेश की मंडियों में जाकर किसान, आढ़तियों से रणदीप सुरजेवाला रूबरू हो रहे है। किसान, आढ़तियों की मांगों को वो मंडियों में जाकर उठाने का काम कर रहे है। भाजपा नेता दावे तो किसान हितैषी होने के करते है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ ओर नजर आती है।

### जींद में 5 लाख 45 हजार 429 एमटी गेहूं की खरीद

**जींद।** जिले की अनाज मंडियों में गेहूं खरीद का कार्य निरंतर गति पकड़ रहा है। गत दिवस तक कुल पांच लाख 45 हजार 429 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। जबकि एक लाख 33 हजार 850 मीट्रिक टन गेहूं का उठान भी सुनिश्चित किया गया है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने खरीद प्रक्रिया से जुड़ी सभी सरकारी एजेंसियों और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मंडियों में खरीद, उठान, गेट पास और बारदाना व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि खरीदे गए गेहूं का समयबद्ध उठान किया जाए।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मई को

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार नौ मई को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायिक परिसर जींद व उपमंडल स्तर पर नरवाना व सफीदों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के नेतृत्व में आगामी नौ मई को जींद, नरवाना व सफीदों न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा व प्रत्येक कार्य दिवस को स्पेशल प्री लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

## जिले में निपुण मिशन की प्रगति पर समीक्षा बैठक

# निपुण मिशन के लक्ष्य समय पर व प्रभावी ढंग से पूरे किए जाएं

**अतिरिक्त उपायुक्त ने दिए दिशा-निर्देश**



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और प्रत्येक बच्चे को मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) से जोड़ने के उद्देश्य से चल रहे निपुण भारत मिशन की गतिविधियों की समीक्षा हेतु अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप ने जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ के साथ बैठक की। इस बैठक में मिशन के अंतर्गत चल रहे प्रवेश उत्सव, नामांकन अभियान, एफएलएन विजिट और एफएलएन कार्यक्रमों में अधिकारियों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि जिले के सभी विद्यालयों में निपुण मिशन के लक्ष्य समय पर और प्रभावी ढंग से पूरे किए जाएं। बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप ने जिला समन्वयक से मिशन की प्रगति रिपोर्ट ली और विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निपुण भारत मिशन केवल एक सरकारी योजना नही बल्कि यह बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव है। इस मिशन के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अवसर मिल रहा है, जिससे उनकी बौद्धिक, सामाजिक व भावनात्मक क्षमताओं का संतुलित विकास हो रहा है। अधिकारियों और शिक्षकों से कहा कि वे इस मिशन को जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाएं ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बैठक में बताया कि जिले के सभी 423 प्राथमिक विद्यालयों में निपुण मिशन के तहत गतिविधियां पूरी तन्मयता से चल रही हैं। प्रत्येक विद्यालय का स्कूल मुखिया और शिक्षक नामांकन बढ़ाने के लिए घर-घर जाकर सर्वे कर रहे हैं। वे नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्रों से उन बच्चों की सूची तैयार कर रहे हैं जिन्होंने निर्धारित आयु पूरी कर ली है और अब विद्यालय में प्रवेश के योग्य हैं। इसके साथ ही, शिक्षकों द्वारा रैलियों और जनजागरूकता अभियानों से अभिभावकों को सरकारी विद्यालयों में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया जा रहा है। राजेश वशिष्ठ ने बताया कि जिला स्तर पर भी विशेष टीमें गठित की गई हैं जो प्रचार-प्रसार का कार्य कर रही हैं। इन टीमों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिले के प्रत्येक गांव और मोहल्ले तक निपुण मिशन का संदेश पहुंचे। कहा कि अभियान के तहत बच्चों को न केवल शिक्षा से जोड़ा जा रहा है बल्कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षकों को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### रेडिनेस प्रोग्राम का शुभारंभ

शिक्षकों को नई शिक्षण पद्धतियों, खेल आधारित शिक्षण और मूल्यांकन प्रणाली के बारे में जानकारी दी जा रही है ताकि वे बच्चों को बेहतर तरीके से सिखा सकें। एडीसी प्रदीप ने बैठक के दौरान प्रवेश उत्सव और क्लास रेडिनेस प्रोग्राम का भी शुभारंभ किया। प्रवेश उत्सव के पंपलेट को हरी झंडी दिखाते कहा कि सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में बच्चों को अनेक प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं, जिनमें मुफ्त पाठ्य पुस्तकें, यूनिफॉर्म, मिड-डे मील, स्मार्ट क्लास, खेल सामग्री और डिजिटल लर्निंग के अवसर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जरूरत इस बात की है कि इन सुविधाओं का लाभ हर बच्चे तक पहुंचे। इसके लिए सभी अधिकारी और शिक्षक अभिभावकों को सरकारी विद्यालयों की ओर प्रेरित करें और उन्हें यह विश्वास दिलाएं कि सरकारी स्कूल अब शिक्षा की गुणवत्ता में किसी से पीछे नहीं हैं। मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी कल्याणी यादव ने भी इस अवसर पर क्लास रेडिनेस प्रोग्राम की सराहना की। कहा कि कार्यक्रम बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी है। इससे उन्हें खेल-खेल में सीखने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चे न केवल पढना-लिखना सीखते हैं बल्कि उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सहयोग की भावना भी विकसित होती है।

# अनाज मंडी में किसानों का धरना समाप्त

- चंडीगढ़ में होगी महापंचायत, जल्द मिलेगी जानकारी : राकेश टिकैत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

नई अनाज मंडी मार्केट कमेटी कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन का चल रहा अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को 15वें दिन समाप्त कर दिया गया। धरने पर भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत पहुंचे। किसानों को आंदोलन को अगले चरण में ले जाने का ऐलान किया और चंडीगढ़ में बड़ी महापंचायत करने की घोषणा की। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि जो भी निर्णय लिए जाएंगे, उसके बारे में किसानों को अवगत करवा दिया जाएगा। इसके बाद उन्होंने धरना स्थल पर बनी 10 सदस्यीय कमेटी के साथ बंद कमरे में लगभग आधे घंटे तक रणनीतिक मंथन किया। बैठक के बाद मंच से संबोधित करते हुए टिकैत ने कहा कि अब समय आ गया है कि किसान आंदोलन को और मजबूत करते चंडीगढ़ की ओर कूच करें। स्पष्ट किया कि महापंचायत की तिथि की औपचारिक घोषणा जल्द की जाएगी। जबकि संकेत देते हुए 27 मई को बड़ी बैठक का कोडवर्ड भी साझा किया। टिकैत ने किसानों को निर्देश दिए कि चंडीगढ़ कूच से पहले प्रदेश के सभी जिलों में बैठकें आयोजित कर रणनीति तैयार की जाए ताकि अधिक से अधिक किसान इस आंदोलन से जुड़ सकें। टिकैत ने कहा कि यदि चंडीगढ़ जाते समय कहीं भी पुलिस किसानों को रोकती है तो किसान वहीं अपना डेरा डालकर धरना शुरू कर देंगे। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि किसानों की मांगों को लेकर संवाद की प्रक्रिया स्पष्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से मिलने के लिए समय मांगा गया था लेकिन उचित समय और स्थान को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की गई।



# 31 मई तक भरें पानी, सीवरेज का बिल, ब्याज व जुर्माना माफ

- बकाया बिलों का भुगतान नहीं करने वाले लोगों के कनेक्शन पहली जून से काट दिए जाएंगे।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उचाना

जिन उपभोक्ताओं की तरफ पानी, सीवरेज का बिल विभिन्न कारणों से नहीं चुका पा रहे है उनके लिए अच्छी खबर है कि अब नई तक पानी और सीवरेज का बिल चुकाते हैं तो उनका पूरा ब्याज और जुर्माना माफ होगा।

एसडीओ सुनीता देवी ने बताया कि पानी तथा सीवरेज के बिल का समय पर भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर हर बार दस प्रतिशत की दर से ब्याज और जुर्माना लगाया जाता है। 31 दिसंबर 2025 तक की अवधि के लिए बिलों के बकाया पर सौ प्रतिशत अधिभार की छूट दी जाएगी। बिलों का भुगतान 31 मई तक कर दिया जाए। हालांकि यह छूट केवल मीटर युक्त कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को दी जाएगी। यदि मीटर रहित कनेक्शन के माध्यम से आपूर्ति वाला कोई उपभोक्ता इस छूट का लाभ लेने का इच्छुक है तो उसे पहले मीटर लगवाना होगा। विभाग की ओर से चेतावनी दी गई है कि बकाया बिलों का भुगतान नहीं करने वाले लोगों के कनेक्शन पहली जून से काट दिए जाएंगे।

### जिले में स्वगणना प्रक्रिया में भागीदार बन रहे आमजन

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिला में स्वगणना प्रक्रिया में आमजन सक्रिय रूप से भागीदार बन रहे हैं और यह प्रक्रिया 30 अप्रैल तक संचालित की जाएगी। जिसके माध्यम से नागरिक आधिकारिक पोर्टल एसई डॉट सेंसस डॉट जीओवी डॉट इन पर अपनी जनगणना संबंधी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। जो डिजिटल शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्वगणना के उपरांत आगामी एक मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य संपन्न किया जाएगा। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि स्वगणना प्रक्रिया सुविधा हरियाणा के सभी जिलों में उपलब्ध रहेगी और नागरिक इसे मोबाइल, टैबलेट अथवा कंप्यूटर के माध्यम से कहीं से भी उपयोग कर सकेंगे। पंजीकरण के दौरान नागरिकों को मोबाइल नंबर और ओटीपी के माध्यम से लॉगिन करना होगा।

### बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोली

**जींद।** राजकीय वमावि खरकरामजी में डा. मनदीप की अध्यक्षता में महेंद्र सिंह ब्लॉक एजुकेटर, विजेंदर सिंह, तेजवीर सिंह स्वास्थ्य सुपरवाइजर व सोनू व इशवंती देवी स्वास्थ्य कर्मियों की टीम द्वारा कृमि दिवस पर कृमिनाशक गोली खिलाई। डा. मनदीप ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत एक वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाई गई। पेट के कीड़े एक विश्वव्यापी जनस्वास्थ्य समस्या है। बच्चों में कृमि संक्रमण से जहां एक ओर बच्चों का शारीरिक एवं बौद्धिक विकास बाधित होता है, वहीं दूसरी ओर उनके पोषण एवं हीमोग्लोबिन स्तर पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। पेट में कीड़े होने से बच्चों को काफी परेशानियां होती हैं। कृमि संक्रमण की वजह से खून की कमी देखी जाती है। जिस कारण कुपोषण, भूख न लगना, कमजोरी, बेचैनी, पेट दर्द, उल्टी, दस्त एवं वजन में कमी देखी जाती है।


जींद। बच्चों को एलबेंडाजोल की गोलियां खिलाते हुए।


जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

### स्वगणना विषय पर सेमिनार

**जींद।** छोटू राम किसान कालेज में स्वगणना विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डा. जगबीर सिंह के द्वारा की गई। जिसमें उन्होने स्वयं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जानकारी दर्ज कर जनगणना अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। फील्ड ट्रेनर डा. नरेंद्र , राजकीय महाविद्यालय जींद से आए, जिन्होंने सबको स्वंय ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग कर स्वगणना प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी दी। यह प्रक्रिया उन्होने बड़े ही सरल तरीके से सभी को समझाई। इसमें समय के साथ-साथ आंकड़ों की भी पारदर्शिता बनी रहती है। डिजिटल जनगणना देश के विकास की योजना बनाने के लिए अहम आधर होती है। नोडल अधिकारी डा. मीनाक्षी ने कहा कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि सही और सटीक जानकारी उपलब्ध कराए ताकि हम डिजिटल माध्यम से राष्ट्र निमार्ण में सहयोग दे सकें।

### एचवीपी टीकाकरण अभियान चलाया

**जींद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कंडेला पर एचवीपी टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रमम का उद्देश्य क्षेत्र की किशोरियों व महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर एवं जानलेवा बीमारी से बचाव हेतु जागरूक करना और समय पर टीकाकरण के प्रति प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर डिप्टी सिविल सर्जन डा. पालेराम कटारिया के नेतृत्व में पूरे कार्यक्रम का संचालन किया गया। उनके साथ वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार, डा. रविंद्र मलिक ने भी टीकाकरण कार्य की निगरानी की तथा स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर ढंग से लागू करने में सहयोग दिया। सभी कर्मचारियों ने मिल कर टीम भावना के साथ कार्य करते हुए टीकाकरण प्रक्रिया को सुचारू, सुरक्षित एवं प्रभावी तरीके से संपन्न कराया।


जींद। किशोरी को एचपीवी वैक्सीन लगाते हुए।


राजा शामदों को सम्मानित करते सब यूनिट बिजली निगम के कर्मचारी।

### राजा शामदों बने उप मुख्य संगठनकर्ता

**जींद।** एचएसइबी वर्कर यूनियन हैड आफिस भिवानी द्वारा राजा शामदों को राज्य कार्यकारिणी में उप मुख्य संगठनकर्ता बनाए जाने पर मंगलवार को बिजली निगम नगूरां में एक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सब यनिट प्रधान सुरेंद्र सिंह ने की तथा मुख्य रूप से पूर्व डिप्टी चीफ एडवाइजर बलवान ढिल्लों ने भाग लिया। इस दौरान राजा शामदों का कर्मचारियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए नव नियुक्त उप मुख्य संगठनकर्ता राजा शामदों ने कहा कि केंद्रिय समिति, यूनिट जींद तथा कर्मचारियों द्वारा जो उसको मान-सम्मान दिया है। उसको याद करते हुए कर्मचारियों के हितों के लिए सदैव आगे बढकर काम किया जाएगा। कर्मचारियों ने उसको जो जिम्मेदारी सौंपी है।

# जेईई में आधारशिला के बच्चों ने मनवाया लोहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

सोमवार 20 अप्रैल को घोषित जेईई परीक्षा परिणाम में एक बार फिर आधारशिला के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। परीक्षा उतीर्ण करने वाले विद्यार्थियों में दिशांत पुत्र चरण सिंह (98.86 प्रतिशत) प्रथम स्थान, रौनक पुत्र राजेश (97.5) दूसरा स्थान, आर्यन पुत्र परमजीत सिंह (97.5) तीसरा स्थान प्राप्त किया। सौम्य पुत्र सरताज सिंह, सुशांत पुत्र कृष्ण कुमार व यशराज पुत्र विकास ने भी उत्तम रैंक प्राप्त किया। इन छह विद्यार्थियों ने मई में होने वाली जेईई अडवांस की परीक्षा के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। सभी बच्चों ने विद्यालय में रहकर अपने अध्यापकों के मार्गदर्शन में ही तैयारी की व उन्हीं के निर्देशानुसार कार्य पूर्ण किया। विद्यार्थियों ने बताया कि आधारशिला विद्यालय में छोटी कक्षाओं से ही फाउंडेशन कक्षाओं का आयोजन किया जाता है। जिसमें छात्रों के अंदर आत्मविश्वास बढ़ता है और इस स्तर की परीक्षाओं के लिए वे भयमुक्त हो जाते हैं। परिणाम की खुशी को प्रार्थना सभा में व्यक्त करते निदेशिका अंजू सिहाग व प्रधानाचार्य सतवीर सिंह ने बताया कि जींद के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अब दिल्ली, कोटा और सीकर जाने की आवश्यकता नहीं है।

# कॉलेज में नशा मुक्ति अभियान के तहत भांग के पौधे नष्ट किए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

संत शिरोमणि श्री सेन भगत राजकीय महाविद्यालय परिसर में नशा मुक्ति की दिशा में कदम उठाते प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में आज विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में प्राकृतिक रूप से उगे भांग, कैनबिस के पौधों को उखाड़कर पूर्णतः नष्ट किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य सत्यवान मलिक ने जानकारी देते बताया कि उच्च शिक्षा विभाग पंचकूला के निर्देशों की अनुपालना में यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं नशा मुक्त शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना है। महाविद्यालय की नशा मुक्ति अभियान समिति के संयोजक रामकुमार ने बताया कि समिति के सदस्यों डा. विजय पाल, शीला दहिया सहित सभी सदस्यों ने इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने में सक्रिय सहयोग दिया। अभियान के दौरान परिसर के विभिन्न स्थानों पर अनावश्यक रूप से उगे भांग के पौधों को उखाड़कर नष्ट किया गया। महाविद्यालय प्रशासन इस प्रकार की जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा संस्थान को पूर्णतः नशा मुक्त बनाए रखने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।


भांग के पौधे उखाड़ते हुए छात्र।


जींद। छात्रों को संबोधित करते प्राचार्य सत्यवान मान। फोटो :हरिभूमि

### पांडुलिपि संरक्षण विषय पर संगोष्ठी

**जींद।** संत शिरोमणि श्री सेन भगत राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत पांडुलिपि संरक्षण विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को देश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण, संवर्धन तथा डिजिटलीकरण के प्रति जागरूक करना रहा। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि पांडुलिपियां हमारी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे प्राचीन पांडुलिपियों एवं दस्तावेजों को डिजिटल स्वरूप देने के अभियान में सक्रिय सहयोग करें तथा अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। छात्रों से अपील की कि यदि उनके पास अथवा उनके आसपास कोई पुरानी पांडुलिपि, हस्तलिखित ग्रंथ या ऐतिहासिक दस्तावेज उपलब्ध हो तो उसकी सूचना महाविद्यालय के नोडल अधिकारी सुनील जटैण को दें।

## ग्रामीण क्षेत्र में नई नीति 2026 को लेकर ब्लू बर्ड हिसार में ट्रेनिंग आयोजित

# पेयजल आपूर्ति के संचालन एवं रखरखाव में बढ़ेगी ग्रामीणों की भागीदारी : राजीव बातिश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता राजीव बातिश ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के संचालन एवं रखरखाव में ग्रामीणों की भागीदारी बढ़ेगी। नई नीति का मुख्य उद्देय पंचायत को अधिक सशक्त बनाना व जलापूर्ति योजनाओं में उनकी बेहतर भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसके बेहतर क्रियावन से भविष्य में बहुत ही सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेंगे। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता राजीव बातिश मंगलवार को बर्ड ब्लू हिसार में आयोजित ट्रेनिंग के दौरान मौजूद जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मियों को संबोधित करते हुए कहे। मुख्य अभियंता ने द्वारा संचालन एवं रखरखाव में व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि नीति के तहत सभी ग्राम पंचायत के डिजिटल बैंक अकांउट खाते खोले जाएंगे। जिससे ग्राम पंचायत आय और व्यय जल्दी और प्रभावी तरीके से कर पाएगी और संचालन एवं रखरखाव के क्रियान्वन से सामुदायिक भागीदारी में वृद्धि होगी। महिलाओं का सशक्तिकरण होगा स्थानीय स्तर पर तवतरित मरम्मत वयवस्था समय से होगी परदर्शी शिकायत निवारण तंत्र से मजबूती के साथ-साथ जल जनित रोगों की रोकथाम और जनस्वास्थ्य में सुधार होगा।


जींद। बैठक में भाग लेते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

मुख्य अभियंता ने बताया कि सेल्फ हैल्प गुरप की महिलाएं गांव में पानी के बिल इक_ करेंगी। इनको मानदेय पंचायत करेगीद्ध पानी की गुणवत्ता भी किट के माध्यम से महिलाएं चैक करेंगी। पानी के कनेक्शन मंजूर करने में सैल्फ हैल्प ग्रुप की महिलाएं अपना योगदान देंगी। इस मौके पर अधीक्षक अभियंता तरुण गर्ग, कामेश शर्मा, रवींद्र कुमार, भानु प्रकाश शर्मा, आदर्श सिंगला, दीपक कंबोज, अजीत सिंह, बलविंदर नैन, शशि कांत, विकास गोस्वामी, रणधीर मताना, विनोद कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# यातायात नियमों का पालन करें सभी जिलावासी : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने सभी जिला वासियों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें ताकि सड़क पर कोई भी दुर्घटना नहीं हो। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा समिति से संबंधित अधिकारी सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करवाने के साथ.साथ मुख्य सुविधाएं प्रदान करना भी सुनिश्चित करें। डीसी ने कहा कि स्कूलों, कालेजों के साथ-साथ आम लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। उन्हें बताया जाए कि यदि हम नियमों का सही पालन नहीं करेंगे तो उनकी स्वयं की जिंदगी खतरे में पड़ जाती है, वहीं समाज के अन्य लोगों को भी काफी प्रभावित करती है। हमें ट्रैफिक सिग्नल का पालन करना चाहिए, ओवरस्पीड में वाहन नहीं चलाएं, जेब्रा क्रॉसिंग का सही उपयोग करें, दोपहिया वाहन चालक हेलमेट का उपयोग जरूर करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें, सीट बेल्ट लगाएं, सड़क पर लगे संकेतों का पालन करें, धीमी गति के संकेत को गंभीरता से लें। यातायात पुलिस लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ सख्त कार्रवाई भी अमल में लाएं। कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना न केवल हमारी जिम्मेदारी है बल्कि ये हमारी और हमारे समाज की सुरक्षा के लिए बहुत आवश्यक है। डीसी ने कहा कि अभिभावक भी सुनिश्चित करें कि उनके नाबालिग बच्चे वाहन न चलाएं।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों ने जीता शोध परियोजना में पुरस्कार

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज, कैथल के अर्थशास्त्र विभाग ने एक शैक्षणिक उपलब्धि हासिल की है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों की एक टीम ने सेंट जेवियर्स कॉलेज,जयपुर में आयोजित पंचम राष्ट्रीय संगोष्ठी में सर्वश्रेष्ठ शोध परियोजना का प्रतिष्ठित पुरस्कार एवं 5,000 की नकद राशि प्राप्त किया। शोध परियोजना का विषय विकसित भारत 2047 के संदर्भ में आयुष्मान भारत योजना की जागरूकता, उपयोगिता एवं प्रभाव का मूल्यांकनः कैथल (हरियाणा) जिले का अध्ययन" था, जिसे उसकी गहन विश्लेषणात्मकता के कारण सराहा गया।

### बुजुर्ग श्रद्धालुओं को कराई जाएगी निःशुल्क यात्रा

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी पहल 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' के अंतर्गत बुजुर्ग श्रद्धालुओं को पवित्र तीर्थ स्थल तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ (महाराष्ट्र) के दर्शन करवाए जाएंगे। आगामी 5 मई को कुरुक्षेत्र से एक विशेष ट्रेन रवाना होगी, जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। सरकार ने आवेदन करने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाया है । इच्छुक श्रद्धालु अब 30 अप्रैल तक सरल हरियाणा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

### भारत नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा : शंकरानंद

**कैथल।** एनआईआईएलएम विवि में भारतीय शिक्षण मंडल हरियाणा, महर्षि बाल्मीकि संस्कृत विवि एवं एन आईआईएलएम विश्वविद्यालय के सयुंक्त तत्वावधान में भारतीय शिक्षा दर्शन एवं पद्धति विषय पर राज्य स्तरीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्तव्य बीआर शंकरानंद,अखिल भारतीय संगठन मंत्री भारतीय शिक्षण मंडल का रहा। एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय के चैयरमैन संदीप चहल ने मुख्य वक्ता एवं उपस्थित शिक्षकवर्ग का स्वागत किया। भारतीय शिक्षण मंडल के प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज ने मुख्य वक्ता का परिचय करवाया एवं विषय को प्रस्तुत किया।

### करप्शन के खिलाफ जारी रखेंगे लड़ाई

**कैथल।** चीका पुलिस ने सरकारी अधिकारियों को झूठे केस में विजिलेंस में फंसा कर उनसे लाखों रुपए की मोटी रकम ऐंठने के आरोप में कैथल के पूर्व उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त डा. दिनेश काजल की शिकायतनुसार ऋषिपाल, गुरविंदर, पीटर सहोता व विजेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज किया था। विजिलेंस के सहयोगी रविंद्र अरोडा उर्फ जंगी ने कहा कि वे जिस व्यक्ति को भी पकडते हैं वह अनाप-शनाप इल्जाम लगाते रहते हैं। करप्शन के खिलाफ उनकी लड़ाई हमेशा जारी रहेगी। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज किया है।

### महिलाओं को बनाया जा रहा आत्मनिर्भर : डीसी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को बैंकों के माध्यम से 5 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह योजना हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से संचालित की जा रही है। इसके तहत महिलाएं डेयरी, छोटे उद्योग, सेवा क्षेत्र और स्वरोजगार से जुड़े विभिन्न कार्य शुरू कर सकती हैं।

### स्व-गणना कार्य में सहयोग करें : डीसी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने जनगणना 2027 के तहत आमजन से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक 30 अप्रैल तक स्व-गणना प्रक्रिया में भाग लेकर जनगणना कार्य में सहयोग करें। यह सुविधा पहली बार जनगणना में दी गई है, जिससे नागरिक स्वयं अपने परिवार का विवरण ऑनलाइन भर सकते हैं। डीसी ने बताया कि नागरिक पोर्टल के माध्यम से सुरक्षित रूप से अपने परिवार का डाटा दर्ज कर सकते हैं। यह पोर्टल 16 अप्रैल से शुरू हो चुका है और निर्धारित अवधि तक उपलब्ध रहेगा।

## कैथल विस्तार अनाज मंडी में एक दिन 50 हजार कट्टों का हुआ उठान

# गेहूं उठान कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं : अपराजिता

- किसानों और आढ़तियों की दूर हुई परेशानी
- मंडियों में किसानों की सुविधा का ख्याल करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

अनाज मंडियों में उठान कार्य में तेजी आई है। अतिरिक्त अनाज मंडी में एक ही दिन में लगभग 50 हजार कट्टों का सफलतापूर्वक उठान किया गया, जिससे किसानों व आढ़तियों को काफी राहत मिली है। डीसी अपराजिता ने मंडियों में उठान कार्य को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि गत सोमवार तक विभिन्न मंडियों में 5 लाख 85 हजार 293 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। संबंधित विभागों के अधिकारी मंडियों से गेहूं के उठान कार्य में तेजी लाए, ताकि मंडी में जाम जैसी स्थिति पैदा न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि उठान कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी समयबद्ध तरीके से कार्य सुनिश्चित करें। डीसी ने कहा कि किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए मंडियों में साफ-सफाई, पेयजल, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि खरीदे गए अनाज का जल्द से जल्द उठान कर भंडारण स्थलों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से मंडियों का निरीक्षण करें और किसी भी समस्या का तुरंत समाधान करें ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिला प्रशासन किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और मंडियों में व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंदर सिंह ने कहा कि डीसी अपराजिता के दिशा निर्देशानुसार ठेकेदारों को मंडियो से गेहूं के उठान कार्य में तेजी लाने के लिए कहा गया था, जिसके तहत एक दिन में कैथल विस्तार मंडी से एक दिन में 50 हजार कट्टों का उठान किया गया। इस कार्य की गति को और बढ़ाया जाएगा, ताकि किसानों व आढ़तियों को राहत मिल सके और मंडियां जाम मुक्त रहे।

### जिले में हुई 5 लाख 85 हजार 293 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी अपराजिता ने बताया कि जिला में विभिन्न एजेंसियों द्वारा सोमवार तक 5 लाख 85 हजार 293 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद गई है। जिले में गेहूं की कुल आवक में से एक लाख 95 हजार 221 मीट्रिक टन गेहूं खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा, दो लाख 49 हजार 319 हैफेड द्वारा तथा एक लाख 40 हजार 753 मीट्रिक टन गेहूं हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन द्वारा खरीदा गया है। उन्होंने बताया कि अगोंध मंडी में 6241 मीट्रिक टन, अरनोली मंडी में 5754 मीट्रिक टन, बाबा लदाना में 18136 मीट्रिक टन, बडसिकरी खुर्द में 10940 मीट्रिक टन, बलबेहड़ा मंडी में 3320 मीट्रिक टन, बालू मंडी में 11198 मीट्रिक टन, बरटा मंडी में 8150 मीट्रिक टन, बाउपुर में 1367 मीट्रिक टन, भागल में 7932 मीट्रिक टन, भुसला में 4945 मीट्रिक टन, चीका मंडी में 38300 मीट्रिक टन, चीका अतिरिक्त मंडी 55449 मीट्रिक टन, डीग मंडी में 2909 मीट्रिक टन, धनोरी में 6777 मीट्रिक टन, फर्श माजरा में 3000 मीट्रिक टन, गोहरा में 7003 मीट्रिक टन, गुहणा में 1994 मीट्रिक टन, कैलरम में 5637 मीट्रिक टन, कैथल पुरानी मंडी में 6751 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई।

#### खरीद में आई तेजी

मंडियों में गेहूं खरीद में तेजी आ गई है। कैथल नई अनाज मंडी में 47579 मीट्रिक टन, कैथल अतिरिक्त नई अनाज मंडी में 58145 मीट्रिक टन, कलायत अनाज मंडी में 52357 मीट्रिक टन, कमहेड़ी में 1325 मीट्रिक टन, कांगथली में 8724 मीट्रिक टन, करोड़ा में 10217 मीट्रिक टन, क्योड़क मंडी में 7976 मीट्रिक टन, किठाना में 23606 मीट्रिक टन, पाडला में 5613 मीट्रिक टन, पाई में 16469 मीट्रिक टन, पूंडरी मंडी में 14988 मीट्रिक टन, राजौंद अनाज मंडी में 20850 मीट्रिक टन, रामथली मंडी में 17116 मीट्रिक टन, रसीना में 6356 मीट्रिक टन, सजूमा मंडी में 2849 मीट्रिक टन, सांगण में 5600 मीट्रिक टन, सेरधा में 6406 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई।

## उद्योगों की मांग के अनुरूप खुद को तैयार करें विद्यार्थी



कैथल। प्रीति चौधरी का स्वागत करते अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

- हायर एजुकेशन एंड करियर प्रॉस्पेक्ट्स विषय पर व्याख्यान में छात्रों को दिए सफलता के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

आरकेएसडी. कॉलेज कैथल के करियर गाइडेंस सेल द्वारा 16 अप्रैल 2026 को महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में हायर एजुकेशन एंड करियर प्रॉस्पेक्ट्स" विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल द्वारा मुख्य वक्ता प्रीति चौधरी, निदेशक (स्ट्रेटेजिक इनिशिएटिव), चितकारा यूनिवर्सिटी का स्वागत कर किया गया। प्रीति चौधरी ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के विविध अवसरों, करियर संभावनाओं तथा उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से संप्रेषण कौशल, व्यक्तित्व विकास एवं आत्मविश्वास जैसे सॉफ्ट स्किल्स के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इन कौशलों को विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

#### सिर्फ शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, व्यावहारिक कौशल भी जरूरी

प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों को बदलते शैक्षणिक एवं व्यावसायिक परिवेश को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि करियर की सही दिशा चुनने के लिए समय-समय पर इस प्रकार के मार्गदर्शन सत्र अत्यंत आवश्यक हैं। प्रधान अश्वनी शोरेवाला ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक कौशल एवं उद्योग की मांगों के अनुरूप स्वयं को तैयार करना भी आवश्यक है। कार्यक्रम में आईक्यूएसी सेल के संयोजक डॉ. जयबीर धारीवाल,करियर गाइडेंस सेल के सदस्य डॉ. विशाल आनंद, डॉ. कपिल जैन, डॉ. श्वेता मित्तल, डॉ. मीनू अग्रवाल एवं डॉ. सुरेंद्र मलिक भी उपस्थित रहे।

## फायरिंग के नाबालिग सहित तीन आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में एएसआई तरसेम की टीम द्वारा आरोपी गांव भराणी खालसा जिला करनाल निवासी विशाल चौहान को काबू कर लिया। इसके अतिरिक्त स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा गांव भराणी खालसा निवासी एक 17 वर्षीय किशोर को निरुद्ध किया गया है।

डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि 4 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे चानना रोड स्थित गिल मोबाइल शाप पर दो अज्ञात युवकों ने मोटरसाइकिल पर आकर फायरिंग कर दी थी। हमलावर मुंह पर कपड़ा बांधे हुए थे और वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज कर लिया गया। मामले में 14 अप्रैल को रात पुलिस टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर ढांड क्षेत्र में दबिश दी गई, जहां आरोपी रजत निवासी कुरुक्षेत्र बाइक पर भागने लगा तथा केएमपी 152डी पुल के पास पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आरोपी द्वारा पुलिस पर लगभग चार राउंड फायर किए गए। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में सीमित एवं नियंत्रित जवाबी कार्रवाई की गई, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी और उसे मौके पर काबू कर लिया गया।

#### देसी पिस्तौल बरामद

आरोपी के कब्जे से एक अवैध देसी पिस्तौल .32 बोर व 2 कारतूस तथा 4 खाली खोल बरामद हुए थे। जिसके बाद आरोपी रवि कुमार व भरत कुमार को काबू करके पुलिस रिमांड पर लिया गया था। आरोपी विशाल ने वारदात के बाद आरोपियों को कुरुक्षेत्र में शरण व अन्य सहायत प्रदान की। आरोपी विशाल ने रवि के पास से असले लेकर आगे गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों को सप्लाई किए। नाबालिग फायरिंग की वारदात के वक्त अन्य आरोपियों के साथ था। सभी आरोपियों को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जबकि नाबालिग को बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

## जेईई मेन में आरपीएस के 54 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाईल स्कोर हासिल किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में आरपीएस ग्रुप के 54 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान रचा। आरपीएस के मयंक कुमार ने 99.956 व भव्य सतिजा ने 99.95 परसेंटाईल प्राप्त कर अंक की सर्वश्रेष्ठता का शिखर छुआ। एकबार पुनः आरपीएस ग्रुप ने साबित कर दिखाया कि जेईई-आईआईटी, नीट-मेडिकल, एनडीए-एसएसबी, क्लैट, यूपीएससी, सीए, सीयूईटी, सीएस, इंटरनेशनल ओलम्पियाड एवं सभी प्रतियोगी परीक्षा में बेहतरीन परिणाम की खान है। आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजी मनीष राव ने बताया कि मयंक कुमार ने 99.95 परसेंटाइल, भव्य सतिजा ने 99.95, सुमित यादव ने 99.92, आर्यन श्योराण ने 99.89, विनित कुमार ने 99.88, लक्ष्य गर्ग ने 99.88, उत्सव कुमार ने 99.85, वैभव महता ने 99.83, नैतिक अग्रवाल ने 99.82, प्रतुष सिंह ने 99.79, आर्यन भारद्वाज ने 99.77, खुशी अग्रवाल ने 99.75, अंशुल ने 99.73, रूद्रबल ने 99.72, रजत मनेठिया ने 99.67, ईशांत ने 99.67, प्रिया चौधरी ने 99.63, रिजुल ने 99.61, अंशु ने 99.6, तनमय यादव ने 99.59, गौरव ने 99.58, मयंक ने 99.56, झलक यादव ने 99.52 ने परसेंटाइल अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

## स्वच्छता केवल नपा की नहीं आप सबकी भी जिम्मेदारी

**कलायत।** स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए कलायत नगर पालिका ने शहर में विशेष जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। इस अभियान के तहत आवासीय क्षेत्रों और मुख्य बाजारों में टीम लगातार लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रही है। नगर पालिका का उद्देश्य इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में कलायत को बेहतर रैंकिंग दिलाना है। इसके लिए नागरिकों का सहयोग बेहद आवश्यक बताया जा रहा है। नगर पालिका सचिव पवन कुमार के निर्देश पर मंगलवार को स्वच्छता अभियान टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों का दौरा किया। इस दौरान सफाई सुपरवाइजर सोम प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में कर्मचारियों ने घर-घर जाकर लोगों को साफ-सफाई के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। टीम ने लोगों को कूड़ा निर्धारित स्थानों पर डालने, पालिथिनी का प्रयोग न करने, गीले और सूखे कचरे को अलग रखने एवं प्लास्टिक के कम उपयोग जैसे विषयों पर जागरूक किया। अभियान के दौरान नागरिकों को यह भी बताया गया कि स्वच्छता केवल सरकार या नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि हर व्यक्ति का कर्तव्य है। टीम ने दुकानदारों से भी अपील की कि वे अपने प्रतिष्ठानों के आसपास सफाई बनाए रखें और कचरा इधर-उधर न फैलने दें। नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान को स्थानीय लोगों का अच्छा समर्थन मिल रहा है। कई नागरिकों ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प भी लिया। अधिकारियों का कहना है कि यदि सभी लोग मिलकर प्रयास करें तो कलायत को स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च स्थान दिलाया जा सकता है।

## भद्रासन नॉर्मल डिलीवरी में मददगार

- ध्यान योग से मिलती है मानसिक शांति : डॉ . शकुंतला दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। नागरिक अस्पताल में योगासन करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में वृद्धों, दिव्यांगों, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के लिए कैथल, ढांड, कलायत एवं पूंडरी ब्लॉक में विशेष योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में डॉ. शकुंतला दहिया, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी के मार्गदर्शन में 20 से 25 अप्रैल जिला नागरिक अस्पताल कैथल में गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को इसमें 50 गर्भवती महिलाओं ने भाग लिया। योग सहायक वीरेंद्र आर्य, संदीप सिंह, सीमा कुमारी, नीलम देवी, संजू आर्या, सोहन लाल, सत्यवान, सतीश, कनिका एवं नरेश विभिन्न प्रकार की योग क्रियाएं करवाई।

डॉ. अंजलि श्योकंद ने गर्भवती महिलाओं के योग शिविर में विशेष योगदान दिया। विशेष योग शिविर में गर्भावस्था को ध्यान में रखते हुए गर्दन, कमर, घुटने आदि के सुक्ष्म व्यायाम, नॉर्मल डिलीवरी में मददगार तितली आसन, भद्रासन, मन को शांति रखने अनुलोम विलोम, नाडी शोधन एवं भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था में खान पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

## सुन्दरकांड पाठ का उद्देश्य आध्यात्मिक चेतना बढ़ाना

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद फतेहपुर पुंडरी शाखा द्वारा निरंतर प्रत्येक माह सुन्दरकाण्ड पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। इस आध्यात्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागिता कर रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ पंजाबी धर्मशाला में दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। भारत विकास परिषद की महिला सहभागिता इंदु शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में संस्कार, आध्यात्मिक चेतना एवं आपसी सद्भाव को बढ़ावा देना है। परिषद द्वारा भविष्य में भी ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित किया जाता रहेगा।कार्यक्रम संयोजक मोनिका बंसल रही। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में परिषद के सभी सदस्यों एवं सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा। आज महिला सहभागिता इंदु शर्मा, मोनिका बंसल, कुसुम कंसल, अनु गोयल, एकता उप्पल, निशु सिंगला, नीलम वालिया, गुरुकुल प्रिंसिपल सुमन ,सिमी बंसल मौजद रहीं।



पूंडरी। सुन्दरकाण्ड पाठ एवं भजन-कीर्तन में भाग लेतीं महिलाएं।

## मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में सरस्वती नदी को जीवित रखने को उठाए जा रहे ठोस कदम

# 10 किमी में सिमटी सरस्वती नदी में आज 400 किमी तक बह रहा पानी

*सरकार देती है करोड़ों रुपये का बजट, नदी किनारे मंदिरों व घाटों का हो रहा सौंदर्यीकरण*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन



सीवन। हरियाणा सरस्वती हैरिटेज बोर्ड के उप-चेयरमेन धुम्मन सिंह किरमच ग्रामीणों को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा सरस्वती हरिटेज बोर्ड के उप-चेयरमेन धुम्मन सिंह किरमच ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में सरस्वती नदी को जीवित रखने के लिए अनेक विकास कार्य किए जा रहे है। हरियाणा में जहां-जहां से सरस्वती नदी गुजरती है वहां पर बने मंदिरों, घाटों के सौंदर्यकरण का कार्य किया जा रहा है। इन विकास कार्यो का मुख्य उद्देश्य आमजन को धार्मिक बढ़ावा देने के साथ-साथ सुविधाएं प्रदान करना है। हरियाणा सरस्वती हरिटेज बोर्ड के उप-चेयरमेन धुम्मन सिंह किरमच मंगलवार को हरियाणा-पंजाब बोर्डर पर स्थित पिसोल गांव में प्राचीन मां सरस्वती मंदिर परिसर में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समय में हरियाणा सरस्वती हरिटेज बोर्ड का गठन हुआ था। उस वक्त सरस्वती में केवल 10 किलोमीटर मे ही पानी चलता था। यह नदी विलुप्त होने के कागार पर थी। पिछले 10 वर्षों के अथक प्रयासों से आज सरस्वती नदी में 400 किलोमीटर में पानी बह रहा है। सरस्वती हरिटेज बोर्ड का मकसद सरस्वती नदी का उत्थान ओर पुनर्जीवित करना है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी सरस्वती नदी को लेकर समय-समय पर फीडबैक लेते रहते है और इन स्थानों के विकास के लिए करोड़ों रूपये के बजट को आबंटित करते है। यह मां सरस्वती मंदिर ऐतिहासिक स्थान है। इस स्थान पर सरस्वती नदी बहती रही है, पुराने समय में यहां पर लोग अपने परिजनों के अंतिम संस्कार करने के बाद उनके पिंड दान करने आते थे। लोगों की आस्था और सुविधा को देखते हुए इस पद्धति को दोबारा विकसित किया जाएगा।

#### बलराम जी ने किया था महायज्ञ

प्राचीन काल में महाभारत के समय श्री बलराम जी युद्ध में शामिल न होकर उन्होंने द्वारका से लेकर आदिबद्री तक सरस्वती की यात्रा की थी। यह वर्णन सभी ग्रंथो में आता है। उन्होंने इस पदयात्रा के दौरान इस क्षेत्र को देखा था, यहां पर श्री बलराम जी ने महायज्ञ किया था, ताकि इस क्षेत्र में शांति बनी रहे। इस मंदिर में भगवान श्री विष्णु जी की मूर्ति लगभग 1400 वर्ष पुरानी है। उन्होंने कहा कि महाभारत कालीन युद्ध के दोरान भगवान श्री कृष्ण ने 48 कोस की परिधि में चार यक्षों की डयूटी लगाई थी, जिनमें एक यक्ष इस क्षेत्र में थे। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा बोर्ड के सभी सदस्यों को आमंत्रित किया गया था। समिति द्वारा जो-जो जिम्मेदारियां उन्हें दी गई हैं, उनको जल्द पूरा करवाया जाएगा। इस मंदिर पर लगभग नौ लाख रुपये की लागत से घाट बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त मंदिर की एक परिक्रमा ओर बनाई जाएगी। विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा शैड का निर्माण किया जाएगा ताकि इसका उपयोग आयोजित होने वाले भंडारे व अन्य कार्यक्रमों के लिए किया जा सके। इस मौक पर डीडीपीओ रितु लाठर, भाजपा अभिनेत्री शैली मुंजाल आदि मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिलेभर में राष्ट्रीय कृमि दिवस मनाया

# स्कूलों-आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोलियां

जिले में लगभग चार लाख 72 हजार 811 बच्चों को कवर करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाते हुए डिप्टी सीएमओ डा. रमेश।

भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मंगलवार को जिला में राष्ट्रीय कृमि दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने स्कूलों में पहुंच कर बच्चों को निशुल्क एलबेंडाजोल की दवा वितरित की। इस अभियान के तहत जिले में लगभग चार लाख 72 हजार 811 बच्चों को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम की शुरुआत जींद शहर के बालाश्रम स्कूल से की गई। जहां बच्चों को मिड-डे मील के बाद दवा दी गई। स्कूल स्टाफ और प्रबंधन ने अभियान में पूरा सहयोग दिया। बच्चों ने भी इस अभियान के प्रति उत्साह दिखाते हुए कहा कि एल्बेंडाजोल की गोली स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है और पेट के कीड़ों को समाप्त करती है। उन्होंने सभी से हर छह महीने में यह दवा लेने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। स्कूल के अध्यापकों ने भी इस बारे अपने विचार प्रकट किए। जिला मुख्यालय पर डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने बच्चों को गोलियां खिलाई। वहीं कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर तथा स्कूल स्टाफ मिल कर सक्रिय रूप से कार्य करते रहे और जगह-जगह शिक्षण संस्थानों, आंगनवाड़ी केंद्रों पर पहुंच कर एलबेंडाजोल की गोली खिलाई। उप सिविल सर्जन एवं स्कूल हेल्थ के जिला नोडल अधिकारी डा. रमेश पांचाल ने बताया कि 21 अप्रैल को फिक्स डे के रूप में सभी बच्चों को दवा खिलाई गई हैं। यदि कोई बच्चा इस दिन दवा लेने से वंचित रह जाता है तो उसके लिए 28 अप्रैल को मॉप अप दिवस निर्धारित किया गया है। इसके बाद भी छूटे हुए बच्चे किसी भी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र से निशुल्क दवा प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि एल्बेंडाजोल पूरी तरह सुरक्षित दवा है और इसके कोई गंभीर दुष्प्रभाव नहीं हैं। फिर भी यदि किसी बच्चे को दवा लेने के बाद उल्टीए चक्कर या अन्य कोई परेशानी महसूस होए तो तुरंत 108 या 112 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके लिए जिले में 12 मेडिकल टीमें तैनात की गई हैं। डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने ने अभिभावकों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अपने बच्चों को यह दवा अवश्य दिलवाएं। यह दवा बच्चों को एनीमिया से बचाने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा पढ़ाई में एकाग्रता सुधारने में सहायक है।

### पेट के कीड़े विश्वव्यापी जनस्वास्थ्य समस्या : शर्मा



**जींद।** स्वास्थ्य कर्मियों की टीम द्वारा गांव जाजवान व ढांडा खेड़ी के प्राइवेट स्कूल, राजकीय स्कूल, आंगनवाड़ी सेंटर में कृमि दिवस पर कृमिनाशक गोली खिलाई। सुशील शर्मा, रिनु शर्मा व सुनीता कुमारी बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत एक वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। पेट के कीड़े एक विश्वव्यापी जनस्वास्थ्य समस्या है। बच्चों में कृमि संक्रमण से जहां एक ओर बच्चों का शारीरिक एवं बौद्धिक विकास बाधित होता है। वहीं दूसरी ओर उनके पोषण एवं हीमोग्लोबिन स्तर पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। पेट में कीड़े होने से बच्चों को काफी परेशानियां होती है। कृमि संक्रमण की वजह से खून की कमी देखी जाती है। जिस कारण कुपोषण, भूख न लगना, कमजोरी, बेचैनी, पेट दर्द, उल्टी, दस्त एवं वजन में कमी देखी जाती है। यदि 21 अप्रैल को किसी कारण बच्चा गोली नही ले पाता तो उसको 28 अप्रैल को माप अप दिन यह गोली खिलाई जाएगी। एमपीएचडब्ल्यू सुशील शर्मा ने बताया कि गोली से एनीमिया में कमी एवं पोषण स्तर में वृद्धि होती है। बच्चों में शारीरिक वृद्धि एवं वजन बढ़ता है। मानसिक एवं शारीरिक विकास में बढ़ोतरी है। अन्य बीमारियों से बचने हेतु प्रतिरोधी क्षमता बढना है। बच्चों की याददाश्त में वृद्धि करना है। इस दौरान स्कूल अध्यापकों, आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर ने भरपूर सहयोग किया।

### गांव इक्कस में स्वास्थ्य विभाग ने चलाया विशेष अभियान

**जींद।** गांव ईक्कस में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मी दिनेश कुमार और सुदेश कुमारी ने गांव के आंगनवाड़ी केंद्रों और स्कूलों में जाकर बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पेट के कीड़ों कृमि संक्रमण से मुक्त करना और उनके स्वास्थ्य में सुधार लाना है। स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चों में कुपोषण, कमजोरी, एनीमिया और पढ़ाई में ध्यान न लगने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। दिनेश कुमार ने बच्चों और उनके अभिभावकों को जागरूक करते हुए बताया कि सभी एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को यह दवा समय-समय पर लेना बहुत जरूरी है। वहीं सुदेश कुमारी ने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि साफ.-सफाई, हाथ धोना और शौचालय का उपयोग करने से इस बीमारी से बचाव किया जा सकता है। अभियान के दौरान गांववासियों ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया और स्वास्थ्य विभाग के इस प्रयास की सराहना की। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि जिन बच्चों ने अभी तक दवा नहीं ली है वे नजदीकी आंगनवाड़ी या स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अवश्य लें। जो बच्चे आज दवाई नही ले पाए उनको 28 अप्रैल को मोप अप दिवस पर गोलियां खिलाई जाएगी।


पूंडरी। सिंगर राकेश अग्रवाल को सम्मानित करते बॉलीवुड के चर्चित चेहरे।

## राकेश ने म्यूजिक कंटेस्ट में टॉप-10 में बनाई जगह

- पूंडरी क्षेत्र का देशभर में नाम किया रोशन
- इस उपलब्धि को लेकर क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

छोटे से शहर पूंडरी के लिए गर्व का क्षण उस समय आया जब स्थानीय प्रतिभा राकेश अग्रवाल ने राष्ट्रीय स्तर के म्यूजिक कंटेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे भारतवर्ष में टॉप-10 में स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिता डी.एम.आई. म्यूजिक चैनल के तत्वावधान में मुंबई में आयोजित की गई, जिसके फाउंडर मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर एवं कंपोजर देव रंजन त्रिपाठी हैं। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से लाखों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से पहले चरण में 50 प्रतिभागियों का चयन किया गया। इसके बाद कड़े मुकाबले के बीच अंतिम रूप से 10 प्रतिभागियों को चुना गया, जिनमें राकेश अग्रवाल ने अपनी मधुर आवाज और शानदार प्रस्तुति के दम पर जगह बनाकर पूंडरी का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने गायिका आंखी दास के साथ ड्युईट सांग मेरी सांसों में अपनी आवाज दी, जो बहुत जल्द ही संगीत प्रेमियों के बीच लॉन्च होने जा रहा है। इस उपलब्धि को लेकर क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है, वहीं स्थानीय लोगों ने इसे पूंडरी की प्रतिभाओं के लिए प्रेरणादायक बताया है। इस म्यूजिक कंटेस्ट को जज करने के लिए संगीत जगत की नामचीन हस्तियां मौजूद रहीं, जिनमें मशहूर पार्श्व गायिका अनुराधा पौडवाल, प्रसिद्ध पार्श्व गायक कुमार शानू और भजन सम्राट अनूप जलोटा शामिल रहे। इन दिग्गजों ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करते हुए उन्हें मार्गदर्शन भी दिया। इसके अलावा प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बॉलीवुड के चर्चित म्यूजिक डायरेक्टर एवं गायक दिलीप सेन, पार्श्व गायिका पामेला जैन तथा निर्माता-निर्देशक कल्याणी सिंह ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को सम्मानित किया। राकेश अग्रवाल की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में गर्व का माहौल है। उनकी इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि छोटे शहरों की प्रतिभाएं भी बड़े मंचों पर अपनी पहचान बना सकती हैं।

## डिजिटल क्रॉप सर्वे को समयबद्ध पूरा करें अधिकारी : अजय हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



एसडीएम अजय हुड्डा ने कहा कि डिजीटल क्रॉप जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सभी संबंधित अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें। राजस्व विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए कार्यों में किसी प्रकार की ढिलाई न बरतें।

एसडीएम अजय हुड्डा ने अपने कार्यालय में बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि सभी प्रकार की निशानदेही कार्य रोवर के माध्यम से ही सुनिश्चित किए जाएं, ताकि कार्यों में पारदर्शिता और सटीकता बनी रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार का इंतकाल लंबित न रखा जाए और समय पर उसका निपटान सुनिश्चित करें। राजस्व वसूली में तेजी लाने, लंबित कोर्ट केसों की नियमित समीक्षा कर शीघ्र निस्तारण करने तथा ततीमा कटिंग से संबंधित कार्यों को नियमों के अनुसार समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।

## मारपीट में मां-बेटा घायल पुलिस ने किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

चीका पुलिस ने मारपीट का एक मामला दर्ज किया है। गांव बलबेहड़ा के सियाराम ने चीका पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 अप्रैल को जब वह गांव से जा रहा था तो तरसेम चंद तथा उसकी पत्नी मुकेश देवी ने उसकी पत्नी ओमी देवी तथा उसके बेटे दिनेश को लाठी डंडे और चाकू से मारपीट करते हुए उन्हें घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले के जांच अधिकारी एएसआई प्रभात ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### सड़क हादसे में एक घायल

गांव दुसैन के बस स्टैंड पर हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव दुसैन के गुरजीत सिंह ने बताया कि 16 अप्रैल को जब वह सायं के करीब 8:00 बजे बस स्टैंड दुसैन के निकट से जा रहा था तो एक अज्ञात वाहन चालक ने अपने वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उसे चपेट में लेकर घायल कर दिया। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर ईश्वर सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ड्राइविंग लाइसेंस पर सख्ती, 35 आवेदकों की स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। इसी कड़ी में कैथल से आई मेडिकल टीम ने मंगलवार को एसडीएम कार्यालय गुहला में विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान 35 से अधिक आवेदकों की मेडिकल जांच की गई।

मेडिकल टीम के डॉक्टर जी.एल. चावला ने बताया कि हर मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में लाइसेंस के लिए मेडिकल जांच की जाती है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में शारीरिक रूप से अनफिट या गलत तरीके से आवेदन करने वाले लोग भी लाइसेंस बनवा लेते थे। अब ऐसे मामलों पर रोक लगाने के लिए जांच प्रक्रिया को और कड़ा किया गया है। अभियान के दौरान सभी आवेदकों की गहन जांच की गई। केवल उन्हीं लोगों को मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट जारी किया गया, जो निर्धारित मानकों पर खरे उतरे। आगे भी इसी तरह सख्ती जारी रहेगी।

## हथकड़ी शराब और 502 ग्राम डोडा पोस्त सहित आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल पुलिस ने 5.25 बोतल हथकड़ी शराब व 502 ग्राम डोडा पोस्त बरामद कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौकी महमूदपुर पुलिस के एसआई रामचंद्र की टीम सांयकालीन गस्त दौरान गांव डेरा गोविंद नगर क्षेत्र में मौजूद थी, जहां एक गुप्त सूचना मिलने उपरांत चैक पोस्ट अजीमगढ़ के पास नाकाबंदी शुरू की गई। कुछ समय बाद चीका समाना रोड़ की तरफ से बाइक पर सवार होकर आए संदिग्ध जीत नगर समाना जिला पटियाला पंजाब निवासी मिश्रा सिंह को काबु कर लिया गया। जांच दौरान आरोपी के कब्जे में कोल्ड ड्रिंक बोतल से 5.25 बोतल हथकढ़ी शराब व प्लास्टिक पॉलिथीन से 502 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ।

## युवाओं को रोजगार व स्वास्थ्य सुरक्षा देना सेंट जॉन एम्बुलेंस का सराहनीय प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन



गांव पहाड़पुर स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में सेंट जॉन एम्बुलेंस इंटरनेशनल एसोसिएशन इंडिया द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फर्स्ट एड व रोड सेफ्टी कंडक्टर लाइसेंस प्रशिक्षण कैंप जारी है। इस कैंप में करीब 30 युवा लड़के और लड़कियां भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। गांव पहाड़पुर के सरपंच हरपिंदर सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि फर्स्ट एड और सीपीआर का प्रशिक्षण जीवन रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल दुर्घटना के समय पीड़ित व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है, बल्कि समाज में सुरक्षा की भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार और स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना सेंट जॉन एम्बुलेंस इंटरनेशनल एसोसिएशन इंडिया का प्रशंसनीय प्रयास है।

## तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ की यात्रा के लिए 30 तक करवाएं पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्री हजूर साहिब नांदेड़ए महाराष्ट्र के लिए पांच मई को कुरुक्षेत्र से विशेष ट्रेन रवाना होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस ट्रेन को झंडी दिखा कर प्रदेश के विभिन्न जिलों से जाने वाली संगत को रवाना करेंगे। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है और उनकी पारिवारिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए सरल हरियाणा पोर्टल पर 30 अप्रैल तक पंजीकरण किया जा सकता है। पात्र व्यक्ति नजदीकी सीएससी सेंटर या अपने स्मार्ट फोन से सरल हरियाणा पोर्टल पर घर बैठे इस निरूशुल्क यात्रा के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। आवेदन के लिए कुछ आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य किए गए हैं। जिनमें आधार कार्ड, पैन कार्ड या अन्य सरकारी आईडी, परिवार पहचान पत्र पीपीपी, शारीरिक रूप से यात्रा के लिए फिट होने की स्वयं घोषणा तथा पिछले तीन वर्षों में योजना का लाभ न लेने की घोषणा शामिल है।

## विदेश से जानकार बताकर 23 लाख रुपये की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल




चीका क्षेत्र के एक बुजुर्ग से विदेश से रिश्तेदार बनकर 23 लाख रुपए की ठगी करने के मामले की जांच साइबर क्राइम थाना प्रभारी एसआई रणदीप सिंह की अगुवाई में एएसआई प्रदीप कुमार की टीम द्वारा करते हुए जरारा पिपरी यूपी हाल नोएडा निवासी साकिव मोहम्मद को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चीका के वार्ड नंबर 16 निवासी संतोख की शिकायत अनुसार उसके दो बेटे 15 साल से इटली गए हुए है तथा उसके साले गांव कसौर निवासी बहादुर के भी दो बेटे बलराज व मनजीत भी इटली गए हुए है। मनजीत बचपन से ही उनके घर रहता था इसलिए वह उससे बेटों की तरह प्यार करता था। शिकायतकर्ता अनुसार 29 मई 2023 को उसके पास विदेशी नंबर से कॉल आई। काल करने वाले ने कहा कि फुफड जी मै मनजीत बोल रहा हूं, जो वह आरोपी की बातों में आ गय।

## वीआईपी स्कूल जखौली की छात्रा मनप्रीत बनी ब्लॉक टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



वीआईपी स्कूल जखौली की छात्रा मनप्रीत ने सीबीएसई 10वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, स्कूल के प्रबंधक वेद प्रकाश के परिवार द्वारा गठित एक समिति ने पूर्व में यह निर्णय लिया था कि परिवार का कोई भी छात्र या छात्रा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करता है, तो समिति उसकी आगे की पढ़ाई का पूरा खर्च वहन करेगी। इसी कड़ी में मनप्रीत की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रांगण में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें समिति के प्रधान वेद प्रकाश एवं अन्य सदस्यों ने छात्रा को 2100 रुपये की नकद राशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की पहल से विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन मिलता है और समाज में सकारात्मक संदेश जाता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**कार्यक्रम** हिंदू कन्या महाविद्यालय में नवाचार विषय पर व्याख्यान आयोजित

## एआई का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नवाचार एवं स्टार्टअप संस्कृति से जोड़ना : डॉ. पूनम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

हिंदू कन्या महाविद्यालय की एनसीसी विंग एवं इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के संयुक्त तत्वावधान में विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस के उपलक्ष्य में एआई के साथ इनोवेशन, एआई के साथ्ज्ञ सोचें, सृजन करें और नया करें विषय पर ज्ञानवर्धक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्कार और सामर्थ्य, नवाचार और विकास थीम के अंतर्गत किया गया। जिसका उद्देश्य छात्राओं को आधुनिक तकनीकों के प्रति जागरूक करते हुए उनमें नवाचार की सोच विकसित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) तकनीकी विकास का एक महत्वपूर्ण आधार बन चुकी है। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वे एआई जैसी उन्नत तकनीकों को समझें और अपने शैक्षणिक एवं व्यावसायिक जीवन में उसका सकारात्मक उपयोग करें। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सहायक प्राध्यापिका कम्प्यूटर विज्ञान शिवानी ने अपने व्याख्यान में एआई के विविध आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एआई शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग एवं व्यवसाय जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने छात्राओं को मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, ऑटोमेशन एवं डिजिटल टूल्स के महत्व से अवगत कराया तथा यह भी समझाया कि एआई का उपयोग केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नही है बल्कि यह प्रत्येक क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोल रहा है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया कि एआई के उपयोग से समय की बचत, कार्य की सटीकता एवं निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि होती है। साथ ही उन्होंने छात्राओं को डिजिटल कौशल विकसित करने, नई तकनीकों को सीखने और नवाचार के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रश्नोत्तर सत्र में एआई से संबंधित अपने जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे। जिनका मुख्य वक्ता द्वारा सरल एवं प्रभावी ढंग से समाधान किया गया। इस संवादात्मक सत्र ने कार्यक्रम को और अधिक रोचक एवं उपयोगी बना दिया। इस मौके पर अंजू सहित कार्यक्रम में 43 छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### छात्रों को आत्मनिर्भर बनाना आवश्यक

डा. प्रियंका साहनी ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं में रचनात्मकता, समस्या समाधान क्षमता एवं उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने बताया कि एआई का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नवाचार एवं स्टार्टअप संस्कृति से जोडना है ताकि वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें।

## हमला करके घायल करने के मामले में 5 आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

थाना कलायत क्षेत्र के गांव बात्ता में जमीनी विवाद कारण दो व्यक्तियों पर कई आरोपियों द्वारा हमला करके चोटे मारने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को काबू किया है। डीएसपी रोहताश कुमार ने बताया कि गांव बात्ता के संजीव की शिकायत अनुसार वह खेती-बाड़ी का कार्य करता है और उसका अपने पड़ोसियों के साथ पिछले करीब एक साल से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। यह मामला फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है। 18 अप्रैल 2026 की शाम करीब 5 बजे वह अपने भाई राजीव के साथ खेत में बने अपने ढाबे "जय बाबा राजपुरी भोजनालय" के सामने तुड़ी डलवा रहा था। इसी दौरान पंकज, अशोक और एक अन्य युवक मोटरसाइकिल पर वहां आए और उन्हें देखकर वापस चले गए। कुछ ही देर बाद नरेंद्र और सुरेंद्र सहित अन्य आरोपी अलग-अलग मोटरसाइकिलों पर लाठी, गंडासी, पिस्तौल व अन्य हथियारों से लैस होकर मौके पर पहुंचे। सभी ने मिलकर दोनों भाइयों को घेर लिया और जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। हमले के दौरान आरोपी निवासी सिंदा ने उसके भाई राजीव को चोटें मारी, जबकि अन्य आरोपियों उसको व उसके भाई को लात-घूंसे व डंडों से वार किए।


कैथल। सभी आरोपी पुलिस गिरफ्त में फोटो : हरिभूमि